विश्वभारती
शांतिनिकेतन

<u>अधिसूचना</u>

विषय : चंद्रयान – 3 का चंद्रमा पर लैंडिंग

सचिव, शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार के दिनांक 21/08/2023 के अर्ध शासकीय पत्र सं. एम-11018/08/2023 – सीडीएन के क्रम में अधोहस्ताक्षरी को सर्वसंबंधित को सूचित करने का निदेश हुआ है कि "**चंद्रयान – 3 का चंद्रमा पर लैंडिंग**" का प्रसारण 23 अगस्त, 2023 (बुधवार) को अपराहन 05:27 बजे से किया जाएगा। भारत के माननीय प्रधानमंत्री भी राष्ट्र के साथ इस महत्वपूर्ण क्षण के साक्षी होंगे।

उक्त कार्यक्रम सम्मेलन कक्ष, केंद्रीय पुस्तकालय, शांतिनिकेतन में दिखाने की व्यवस्था की गई है। सभी निदेशक, भवन/विभाग के प्रिंसिपल, सभी अकादमिक विभाग/केंद्र के अध्यक्ष एवं संकाय सदस्यों से यह प्रसारण देखने का अनुरोध किया जाता है। सभी भवन के प्रिंसिपल से अनुरोध है कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने भवन से पाँच (05) छात्रों को भेजें। सभी से अनुरोध है कि अपराहन 05:20 बजे से पहले स्थान ग्रहण करें।

हस्ता/-
कुलसचिव
(कार्यकारी)
विश्वभारती

संदर्भ सं. आरईजी/अधि./156/113/2023-24
दिनांक: 22/08/2023

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रति अग्रेषित:-

1. सभी भवन/विभाग के निदेशक/अध्यक्ष
2. सभी अकादमिक विभाग/केंद्र/कार्यालय के प्रधान
3. वित्त अधिकारी
4. कुलानुशासक
5. छात्र कल्याण के अध्यक्ष
6. संकाय प्रभारी, सुरक्षा
7. पुस्तकालयाध्यक्ष, केंद्रीय पुस्तकालय : आपसे अनुरोध है कि केंद्रीय पुस्तकालय के सम्मेलन कक्ष में सीधा प्रसारण का आनंद लेने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें।
8. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पियर्सन मेमोरियल हॉस्पिटल
9. सभी संयुक्त कुलसचिव/उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव
10. संयुक्त कुलसचिव एवं कुलपति के गोपनीय सचिव
11. कुलसचिव के निजी सहायक

12. हिंदी अधिकारी - हिंदी में अनुवाद कर विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
13. प्रभारी, कंप्यूटर केंद्र - विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें एवं केंद्रीय पुस्तकालय को तकनीकी सहायता प्रदान करें।